तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 परमात्मा से संबंध जोड़ सर्व शक्तियां लेने से ही होगी आत्मा तृप्त : बीके पूनम



13 उद्यानों को संवारने में जुटा निगम, समूह निभा रहा...



## खबर संक्षेप

### पशुओं को खुला छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**भिलाईनगर।** नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौक से पावर हाउस चौक तक रोड बाधित करने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ पशुओं को पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। पकड़े गये पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है। जहां उनके खाने के लिए हरा चारा, पानी की व्यवस्था किया गया है। खटाल संचालको द्वारा पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण पशु भटकते हुए सड़को के बीच में आकर बैठ जाते है। नेशनल हाईवे होने के कारण भारी एवं दुपहिया वाहनों का आना-जाना अधिक रहता है।

### दो मकानों में चोरों ने बोला धावा, नगदी और सामान चोरी

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत दो मकानों में घुसकर अज्ञात चोरों ने वहां से नगदी रकम और सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि दीपक कुमार निषाद (32 वर्ष) निवासी राजीव नगर वार्ड 10 ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका सूरज किराना स्टोर के नाम से दुकान है। 31 अक्टूबर की रात 10 बजे दुकान बंद कर सभी परिवार वाले भोजन करने के बाद मेन दरवाजा बंदकर अपने-अपने कमरे में सोये थे। प्रार्थी लास्ट कमरे में सोया था और उनके रूम का दरवाजा खुला था। रात करीब 3.30 बजे कुछ आवाज आई अचानक आंख खोलकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल को लेकर कमरे से निकल रहा था। वह उठा और उसे दौड़ाया, लेकिन तब तक वह वहां छत की तरफ से कूदकर भाग गया।

### बैग छीनकर दो बाइक सवार बदमाश फरार

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक किसान की पत्नी का बैग छीनकर भागने का मामला सामने आया है। आरोपी बाइक सवार अज्ञात बदमाश हैं। घटना के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने धारा 3(5),304(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम को लगाया गया है। पुरानी भिलाई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 5 दादर निवासी मुकेश कश्यप ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वो किसान है। बीते 29 अक्टूबर को वह अपनी बाइक में पत्नी गोदावरी कश्यपक को बैठाकर चरोदा बाजार सामान खरीदने गया था। वहां से वो लोग रात 8.15 बजे लौटे। जैसे ही वो लोग चरोदा बाजार से अपने घर दादर पहुंचने वाले थे कि रास्ते में एक बाइक में सवार होकर दो अज्ञात लोग आए। उन लोगों ने चलती बाइक में ही गोदावरी कश्यप के हाथ से उसका लेडीज बैग छीन लिया। जब तक मुकेश कुछ समझ पाता दोनों आरोपी वहां से काफी रफ्तार में भाग गए।

# मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने एसआईआर प्रक्रिया शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़**

■ निर्वाचन आयोग की पहल से मतदाता सूची में होगी व्यापक सफाई

देश के बारह राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया अर्थात एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है। इसी क्रम में नवागढ़ में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में तहसीलदार विनोद कुमार बंजारे, नायब तहसीलदार सुमित देवांगन, मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा और शीतलेश शर्मा ने एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण, त्रुटियों के सुधार और नए पंजीकरण से संबंधित तकनीकी प्रक्रिया समझाई गई।

**क्या है एसआईआर प्रक्रिया:** निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध, स्वच्छ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को परिगणना प्रपत्र भरकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को जमा करना अनिवार्य है। प्रपत्र जमा नहीं करने पर मतदाता का नाम सूची से हटाया जा सकता है।

**एसआईआर प्रक्रिया के प्रमुख उद्देश्य:** मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थायी रूप से निवास बदल चुके मतदाताओं के नाम विलोपित करना, दो स्थानों पर पंजीकृत नामों को निरस्त करना, फर्जी मतदाताओं को सूची से हटाना और शुद्ध पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

## नवागढ़ में बूथ लेवल अधिकारियों को दी गई तकनीकी जानकारी

### मतदाता पंजीकरण की श्रेणियां

एक जुलाई उन्नीस सौ सत्तासी से पूर्व जन्मे नागरिकों को अपना एक वैध दस्तावेज देना होगा। एक जुलाई उन्नीस सौ सत्तासी से दो दिसंबर दो हजार चार के बीच जन्मे नागरिकों को एक स्वयं का और एक माता-पिता का दस्तावेज देना अनिवार्य है। दो दिसंबर दो हजार चार के बाद जन्मे नागरिकों को तीन दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे एक स्वयं का, एक माता का और एक पिता का।
**मतदाताओं से अपील:** अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो सफेदपृष्ठभूमि सहित तैयार रखने चाहिए। सभी नागरिक अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें ताकि कोई भी नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे।



### पंजीकरण और आवश्यक दस्तावेज

प्रत्येक मतदाता को बूथ लेवल अधिकारी से परिगणना प्रपत्र प्राप्त कर निश्चित समय में भरना होगा। प्रपत्र जमा करते समय नीचे दिए गए ग्यारह दस्तावेजों की सूची में से कोई भी दो दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है।सरकारी कर्मचारियों का पहचान पत्र या पेंशन कार्ड, एक जुलाई उन्नीस सौ सत्तासी से पूर्व जारी कोई सरकारी प्रमाणपत्र या पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मूल निवास प्रमाण पत्र, दसवीं बोर्ड की अंक तालिका, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां लागू हो), परिवार रजिस्टर या सरकार द्वारा जारी भूमि अथवा गृह आवंटन प्रमाण पत्र इनमें शामिल हैं।

विवाद : भाजपाइयों ने जिला प्रशासन हाय हाय और कलेक्टर मुर्दाबाद के लगाये नारे

# राज्योत्सव में वीआईपी सीट पर सियासत, प्रशासन भाजपा आमने-सामने, जमकर मचा बवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

■ विधायक संग समर्थक ओर भाजपा नेताओं ने राज्योत्सव का किया बहिष्कार

राज्योत्सव के मंच पर इस बार गीत-संगीत से ज्यादा सियासत गूंजी। मंचीय संबोधन खत्म हुआ, रोशनी झिलमिला उठी, और जैसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए। उसी पल वीआईपी दीर्घा में ऐसी गहमा-गहमी मच गई कि दर्शक भी समझ नहीं पाए कि मंच पर नाच कौन रहा है और नाराज कौन।

राज्य का 25 वर्ष पूरा होने पर जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ के पहले दिन प्रशासन–सत्ता पक्ष के नेता और कार्यकर्ता आमने सामने हो गए ,मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सांसद विजय बघेल का मंचीय कार्यक्रम निपटते ही कार्यक्रम स्थल पर ही बवाल मच गया देखते ही देखते विधायक दीपेश साहू की मौजूदगी में प्रशासन हाय हाय ओर कलेक्टर मुर्दाबाद के नारे लगने लगे । कार्यक्रम में पहुंचे आम जन समझ ही नहीं पा रहे थे कि आखिर हो क्या रहा है।

भाजपा पार्षदों का आरोप है कि कलेक्टर रणवीर शर्मा ने उन्हें वीआईपी दीर्घा की कुर्सियों से उठने को कहा। मामला यहीं से बिगड़ा, नारेबाजी शुरू हुई, और कुछ ही देर में भाजपा सांसद विजय बघेल कार्यक्रम स्थल से उठकर बाहर निकल कर रेस्ट हाउस चले गए ।

दरअसल, बताया जा रहा है कि यह विवाद कोई एक दिन की उपज नहीं। भाजपा कार्यकर्ताओं और जिला प्रशासन के बीच पिछले कुछ दिनों से खींचतान चल रही है। डिफेंडर हिट एंड रन केस के दौरान भी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला था- धीरे-धीरे सुलगती यह आग को राज्योत्सव के मंच से हवा मिल गई।

### सीट पर हो रही सियासत

लेकिन असली दिलचस्पी तो जिलाध्यक्ष अजय साहू की भूमिका (या कहें "भूमिका न होने") में है। न प्रशासन से बात, न कार्यकर्ताओं को समझाना - जैसे पूरा विवाद जिले का नहीं, किसी और ग्रह का हो! कार्यकर्ता सवाल उठा रहे हैं कि जब प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है, तो जिला संगठन के "मौन साधक" क्यों बने हैं? कार्यक्रम के बाद प्रशासनिक पक्ष से सफाई आई कि "सीटों की व्यवस्था प्रोटोकॉल के अनुसार की गई थी।" मगर यह सफाई भी राजनीतिक तपिश कम नहीं कर पाई। अब चर्चा है कि इस "राज्योत्सव विवाद" ने जिला राजनीति की जमीं को एक बार फिर गरमा दिया है - और दर्शक अब अगली कड़ी का इंतजार कर रहे हैं।



### रेस्ट हाउस में भाजपा नेताओं ने निकाली भड़ास

रेस्ट हाउस में रात 11 बजे तक सांसद के समक्ष प्रशासन के विरुद्ध भाजपा नेता निकालते रहे भड़ास कार्यक्रम का बहिष्कार कर विधायक दीपेश साहू एवं भाजपा नेता रेस्ट हाउस पहुंचे वहां मौजूद सांसद विजय बघेल के समक्ष जिला मुख्यालय के भाजपा नेता व कार्यकर्ता कलेक्टर एसपी व जिला प्रशासन की कार्यशैली पर जमकर नाराजगी व्यक्त करते रहे। और रात 11 बजे तक रेस्ट हाउस में भीड़ जमा रही इस दौरान रात में ही कलेक्टर रणवीर शर्मा , एसपी रामकृष्ण साहू रेस्ट हाउस सांसद से मिलने पहुंचे परंतु भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं की नाराजगी ओर दबाव के चलते सांसद ने मिलने से इंकार कर दिए । बहरहाल प्रशासन के द्वारा रात्रि भोजन की व्यवस्था किए हुए थे परंतु सांसद एवं अन्य अतिथियों ने भोजन किए बिना ही लौट गए।

# जुआ खेलते 14 गिरफ्तार 15 लाख की संपत्ति जब्त



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

■ साइबर सेल और कंडरका पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

साइबर सेल एवं चौकी कंडरका पुलिस टीम ने एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भिंभौरी शा स की य हाईस्कूल के सामने मैदान आम जगह पर रेड कार्यवाही की।

यहां कुछ व्यक्ति काट पत्ती नामक जुआ खेलते पाए गए। पुलिस की कार्रवाई के दौरान 14 जुआड़ियों को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि कुछ आरोपी पुलिस को आता देख मौके से भाग निकले।गिरफ्तार जुआड़ियों के पास से 1,09,060 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश, 08 मोटरसाइकिल और 02 कारें जब्त की गई हैं। जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 15,09,060 रुपए आंकी गई है। चौकी कंडरका थाना बेरला में इस संबंध में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम :** धर्मेन्द्र साहू (उरला), कोमल ध्रुव (गुढ़ियारी), पुनेश्वर वर्मा (कुम्ही), डीगु पटेल (भनपुरी), गुमान सिंह साहू, शिवचरण पटेल, श्यामलाल साहू (बीरगांव), महेन्द्र तिवारी, छत्रपाल यादव, छगेन्द्र वर्मा (धरसीवा), गजेन्द्र वर्मा (खमतराई), एजाजुद्दीन (देवेन्द्र नगर), मोहन धीवर (भिंभौरी, हाल दलदल सिवनी) एवं चंद्रकुमार आडिल (नेवनारा)। ▶▶| शेष पेज 13 पर

शिक्षा विभाग नवागढ़ की ओर से सेमिनार का हुआ आयोजन

# टीएलएम एवं नवाचारों को जोड़ते हुए कक्षा अध्यापन करने की आवश्यकता है: बीआरसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**



विकासखंड स्तरीय शिक्षक सेमिनार का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें विकासखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रस्तुतीकरण के लिए कुल 7 शिक्षक शिक्षिकाओं जिसमें शांत कुमार पटेल लालपुर, प्रेक्षा साहू गाड़ामोर, प्रतिभा साहू मुरता, मीना ठाकुर गाड़ामोर, सुमन लता साहू मोहतरा ,शशिकला ठाकुर छीतापार, अर्चना ढोबले खैरी के द्वारा कक्षा कार्य, कक्षा अनुभव ,और नवाचार साझा करते हुए प्रस्तुतीकरण किया गया।

बीआरसी नवागढ़ जगजीवन राम साहू के द्वारा सेमिनार पर चर्चा करते हुए बताया कि आप सभी शिक्षक साथी मिलकर अत्यंत रचनात्मक और प्रभावी ढंग से कक्षागत कार्य करते हुए बच्चों में एफएलएन तथा कक्षावार अधिगम दक्षताओं की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न टीएलएम एवं नवाचारों को जोड़ते हुए कक्षा अध्यापन करने की आवश्यकता है जिससे हम निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की दिशा में सतत अग्रसर हो सकते हैं और अपने कार्यों से न केवल हमारे विकासखंड बल्कि पूरे बेमेतरा जिले के गौरव को बढ़ा सकते है। उन्होंने विकासखंड स्तर पर चल रहे कहानी उत्सव के प्रभाव पर भी प्रकाश डाला एवं कहानी से भाषा के 4 ब्लॉक मॉडल पर कार्य करने का सभी से अनुरोध किया।

**शिक्षकों ने साझा किए अपने अनुभव:** विकासखंड नवागढ़ में प्रत्येक हफ्ते स्कूल को एक कहानी एवं कुछ सवाल जवाब भेजे जाते है। जिसे शिक्षक स्कूल के बच्चों के साथ कार्य कर एफएलएन दक्षता ▶▶| शेष पेज 13 पर

# हिट एंड रन केस में नया मोड़: सामने आई 1 किलो सोने की चोरी की कहानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

■ आरोपी के पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत, थाने में दो घंटे तक चला हंगामा

शहर के चर्चित हिट एंड रन मामले में अब एक और नया मोड़ आ गया है। यह मामला अब सिर्फ सड़क हादसे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पहुंच गया है 'सोने के जेवरातों की चोरी' तक! घटना के सात दिन बाद आरोपी के पिता बलमीत सलूजा सोमवार की रात करीब 7:30 बजे अपने परिवार व समाजजनों एवं व्यापारियों के साथ बेमेतरा कोतवाली पहुंचे और आरोप लगाया कि उनके घर की तिजोरी से एक करोड़ की कीमत के करीब 1 किलो सोना के जेवरात गायब हो गया है।

पुलिस से शिकायत करने पहुंचे परिवारजन जब एफआईआर दर्ज कराने की बात पर अड़े, तो वहां का माहौल मिनटों में गरमा गया। रात के सन्नाटे में थाने का माहौल किसी जनता दरबार से कम नहीं था - एक तरफ परिवारजन और समाजजन, दूसरी ओर पुलिस अधिकारी, और बीच में गूंजता सवाल - एफआईआर दर्ज क्यों नहीं हो रही है? इस दौरान बलमित सलूजा ने मीडिया से मुखातिब होकर बताया कि घटना वाले दिन पुलिस ने उसे थाने में बैठा दिया गया था और उनकी धर्मपत्नी रायपुर रुकी हुई थी दोनों भाई का परिवार घर पर मौजूद थे जिसे उस रात सर्च वारंट पर पहुंची पुलिस टीम ने घर के एक कमरे भीड़ से अनहोनी की घटना की आशंका से परिवार जनों एक रुम में लॉक कर दिया गया था ओर सिर्फ पुलिस टीम ही उस वक्त घर पर मौजूद रहकर सर्च कर रहे थे।



### 2 घंटे चला हंगामा- एफआईआर के लिए अड़े रहे परिजन

बलमीत सलूजा और उनके साथ आए समाजजन एफआईआर दर्ज करने पर अड़े रहे। पुलिस के इनकार से आक्रोशित परिजन थाना परिसर में ही बैठ गए। करीब दो घंटे से अधिक समय तक थाने में हंगामा चलता रहा।

थाना प्रभारी राकेश साहू ने आवेदन देने और जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही, लेकिन परिजन इससे संतुष्ट नहीं हुए। एक परिजन ने कहा — हादसे के बाद जब हमने तिजोरी खोली तो जेवरात गायब थे। यह तो साफ चोरी है, फिर एफआईआर दर्ज करने में दिक्कत क्या है?

### 1 किलो सोना गायब, पूरी लिस्ट ने पुलिस को भी हैरान किया

परिवारजन ने चोरी हुए जेवरातों की जो सूची बताई, उसे सुनकर पुलिस भी 'सोने' में पड़ गई। सूची इस प्रकार थी — रानी हार – 16 तोला, 12 लेडीज अंगूठी, 15 जेंट्स अंगूठी, 4 मोटी चैन, 3 लेडीज बाली, 3 मंगलसूत्र, 4 चूड़ी, 2 कड़े, 2 लेडीज ब्रेसलेट, 3 हैवी पायल, 1 जेंट्स ब्रेसलेट। परिवार का दावा है कि इन सभी आभूषणों का वजन लगभग 1 किलो सोना है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है।

### एसडीओपी कौशल्या साहू पहुंचीं थाने, समझाइश में लगीं

हंगामे की सूचना मिलते ही एसडीओपी कौशिल्या साहू भी थाने पहुंचीं। उन्होंने परिवार को समझाने की पूरी कोशिश की।

लेकिन परिजन अज्ञात व्यक्ति के नाम से भी अपराध दर्ज कराने पर अड़े रहे। पुलिस ने कहा कि पहले आवेदन दें, जांच के बाद उचित धाराओं में कार्रवाई होगी। जब बात नहीं बनी, तो नाराज समाजजन थाने के सामने ही धरने पर बैठ गए और देर रात तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

### 13 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी अधर में

बलमीत सलूजा इससे पहले तोड़फोड़ और हमले के आरोप में 13 लोगों के खिलाफ नामजद आवेदन दे चुके हैं। परिवार का आरोप है कि आवेदन दिए तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं की। थाना प्रभारी ने केवल इतना कहा कि जांच चल रही है, मगर परिवारजन अब जवाब से नहीं, कार्रवाई से जवाब चाहते हैं।

▶▶| शेष पेज 13 पर

## 269820 लोगों की हुई जांच, दोनों आंख के 18 मोतियाबिंद मरीज हुए चिन्हांकित

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में हुआ सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला**

बेरला विकासखण्ड में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सम्पूर्ण नेत्र सुरक्ष अभियान का शुभारंभ 24 अक्टूबर को किया गया । इस अभियान का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति तक नेत्र जांच और उपचार की सुविधा पहुँचाना है ताकि कोई भी दृष्टिहीनता का शिकार न रहें। यह विशेष कार्यक्रम 31 अक्टूबर तक चला।

अभियान के 6 दिनों में बेरला विकासखण्ड के 127 गांवों के 269820 लोगों की जांच की गयी। इसमें दोनो आंख के 18 मोतियाबिंद मरीज चिन्हांकित हुए है। सभी मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं उपचार जिला चिकित्सालय और चिकित्सा महाविद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत नेत्र परीक्षण, प्राथमिक उपचार, निःशुल्क दवाई वितरण, मेडिकल, ऑप्टिकल और सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध करायी गई। साथ ही डायबिटीज, हाइपरटेंशन एवं रेटिनौपैथी की जांच कर मरीजों को उपचार हेतु रेफर किया जाना है। दृष्टिदोष या रेफैक्टिव एरर पाए जाने पर उन्हें निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाना है। वरिष्ठ नागरिकों में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और लो विजन जैसी समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित चिकित्सा दल सक्रिय है। इनके साथ ही नेत्रदान घोषणापत्र पंजीयन, मोतियाबिंद पंजीयन और ऑपरेशन की व्यवस्था भी अभियान का अहम हिस्सा है।



### व्यवस्था के प्रति जागरूक कर रही टीम

अभियान के संचालन में बीएमओ डॉ जितेन्द्र कुंजाम के साथ, बीपीएम, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ महिला-पुरूष तथा मितानिनों की भूमिका सराहनीय रही है। ये टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को नेत्र जांच और नेत्र व्यवस्था के प्रति जागरूक कर रही है। हर वर्ष किसी एक विकासखण्ड का चयन कर जिलें में यह सुनिश्चित किया जाना है कि दोनो ऑखों में मोतियाबिंद से पीड़ति मरीजों की शल्यक्रिया कर उन्हें दृष्टिहीनता से मुक्त किया जाए। सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोगो के प्रति नई चेतना जगाई है। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचा रहा है, बल्कि जिला बेमेतरा को दृष्टिदोष मुक्त जिला बनाने की दिशा में एक मिल का पत्थर साबित हो रहा है।

# प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन, गुरुनानक देव के संदेशों को पहुंचाया जन-जन तक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सिक्खों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर रविवार को सिक्ख समाज द्वारा भव्य नगर कीर्तन निकाल कर गुरू के मानवता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। यह नगर कीर्तन स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा से गुरूग्रंथ साहेब की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ हुई। गुरूग्रंथ साहेब को फुलों से सुसज्जित एक खुले वाहन में विराजमान किया गया था। जिसकी पंज प्यारों ने अगुवाई की। नगर-कीर्तन में गतका दल के करतब (अखाड़ा) का जोशिला प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

नगर-कीर्तन में सिक्ख समाज की महिला व पुरुषों ने सड़कों पर झाड़ू लगाए और स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। नगर-कीर्तन गाजे-बाजे के साथ गुरूद्वारा से सिंधी धर्मशाला होते हुए राजेन्द्र पार्क चौक पहुंची। तत्पश्चात यह नगर-कीर्तन जीई रोड होते हुए पटेल चौक से इंदिरा मार्केट,फरिश्ता कॉम्पलेक्स, तकियापारा, पोलसायपारा, अप्सरा टॉकीज चौक, अग्रेसन चौक, शहीद चौक होते हुए वापस गुरूद्वारा पहुंची। जहां नगर-कीर्तन का समापन हुआ। नगर-कीर्तन का पूरे रास्ते भर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा जगह-जगह उत्साह के साथ स्वागत कर सर्वधर्म-समभाव का संदेश दिया गया, वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा नगर-कीर्तन में शामिल लोगों को पेयजल, फल एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण कर गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई।

**सिक्ख समाज के लोगों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश**



## मुस्लिम समाज ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत और पुराना बस स्टैंड स्थित बाबा के दरगाह के सामने मुस्लिम समाज के सदस्यों द्वारा नगर-कीर्तन का स्वागत किया गया। नगर-कीर्तन के समापन पर गुरुद्वारा में गुरू के अटुट लंगर का वितरण किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नगर कीर्तन में नगर कीर्तन में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद फत्तेसिंह भाटिया, श्री सांई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, जिला भाजयुमों के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू, युवा कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह भाटिया सहित गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा के प्रधान महिंदर पाल सिंह,सचिव जी.एस. लांबा,हरमीत सिंह भाटिया,अरविंदर सिंह खुराना,दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह, सुखदेव सिंह, प्रिंस कब्बरवाल, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह रंधावा, सुरेन्दर सिंह कब्बरवाल, सतनाम कौर विरदी, मनिंदर सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह, इंदरजोत सिंह भाटिया, देवेन्दर सिंह भाटिया, भूपेन्दर सिंह, सहित सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

### विश्व सैक्सोफोन दिवस पर आवाज एवं संगीतमय संध्या 6 को



**भिलाई।** ट्विन सिटी भिलाई के कला मंदिर में 6 नवंबर विश्व सैक्सोफोन दिवस के अवसर पर शाम 6.30 बजे से आयोजित साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट सैक्सोफोन पर संगीतमय धुनों पर यादगार प्रस्तुति देंगे । ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयत्र एछत्तीसगढ़ मंच एवं दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्टो द्वारा सैक्सोफोन की धुन पर संगीतमय हंगामा एवं धमाल मचाएंगे। छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा, अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी एवं गुलाब चौहान ने बताया कि म्यूजिक डायरेक्टर यश यदु टीम के नेतृत्व में भिलाई-दुर्गवासियों एवं संगीतप्रेमियों के लिए साज की आवाज में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट अनिल केमें, लिलेश कुमार, परेश लोखंडे, महाराष्ट्र, राजन वंशकार, मध्य प्रदेश प्रमोद केमे, आदर्श केमे अपनी हंगामेदार एवं यादगार प्रस्तुति से संगीतप्रेमियो का दिल जीतेंगे । कार्यक्रम का संचालन दुर्ग भिलाई के प्रसिद्ध मंच संचालक तुलसी सोनी करेंगे ।

**राज्योत्सव:** स्टाल लगाकर दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

# आंगनबाड़ी का नया स्वरूप: खेल और कहानियों से जीवन की बुनियादी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर शहर में राज्योत्सव का माहौल है। इसी क्रम में पुराना गंज मंडी, गंजपारा दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राज्योत्सव के जरिए प्रशासन लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने और जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम स्थल पर 26 विभागों के स्टाल लगाए गए हैं, जिनमें वन विभाग, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य विभाग शामिल हैं। इन स्टालों के माध्यम से आम लोगों को शासन की योजनाओं, सेवाओं और लाभों की जानकारी दी जा रही है। लोग बड़ी संख्या में स्टालों पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं और आवेदन भी कर रहे हैं। स्टाल 26 में स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, स्वसहायता समूहों के हस्तनिर्मित सामान आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। लक्ष्मी देशलहरे और मधु खरे ने बताया कि कोदो, कुटकी, कगनी, सावा, रागी पोहा, बाजरा पोहा, आटा, देशी खांड, घी, रागी चिप्स, रागी भुजिया, शहद, साबुन, अगरबत्ती आद उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सभी आर्गेनिक है। जनपद पंचायत स्थित सी मार्ट में आम जनता के लिए सभी उत्पाद मौजूद है।

**पुराना गंज मंडी दुर्ग में 4 नवंबर तक चलेगा आयोजन**



### हैदराबादी वन राजा को देखने उमड़ी भीड़

स्टाल क्रमांक 6 में पशुपालन और मछली पालन विभाग का स्टाल लगाया गया है। हैदराबादी वनराजा मुर्गा और रोड आईलैंड रोड मुर्गी लोगों के आकक्षण का केन्द्र बना हुआ है। डॉ. आरके गुप्ता प्रभारी उप संचालक पशुधन विकास विभाग दुर्ग और डॉ. डीडी झा अतिरिक्त उप संचालक ने बताया कि पशु पालकों के लिए उच्च नस्ल के हैदराबादी वनराजा मुर्गा, रोड आईलैंड नक्स की मुर्गी और जापानी बटेर पदर्शनी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा एससी-एसटी के लोगों को 300 रुपए के अंशदान पर 45 नग चुजे और दाना उपलब्ध कराया जाता है। वहीं जनरल और ओबीसी कैटेगरी के लोगों को 750 रुपए अंशदान जमा कराने पर 45 नग चुजा प्रदान की जाती है। वहीं अंशदान जमा करने पर 80 नग बटेर दिया जाता है।



### राज्योत्सव में लगे स्टॉलों का विवरण

जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, कृषि उद्यानिकी विभाग, पशुपालन मत्स्यपालन विभाग, खाद्य विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, ट्रायबल विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, पुलिस विभाग, आर.टी.ओ. विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, जन संपर्क विभाग, सिंचाई विभाग, सीएसईबी, लीड बैंक, लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग, छ.रा. गृह निर्माण विभाग, रोजगार विभाग, स्किल डेवलपमेंट, श्रम विभाग, खनिज विभाग, उद्योग / खादी ग्रामोद्योग विभाग के स्टाल लगाए गए हैं।

### सीखते खेलते बचपन का मॉडल



महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल नंबर 03 खास आकर्षण बना हुआ है। यहां बदलती हुई आंगनवाड़ी की झलक देखने को मिल रही है, जिसमें यह दिखाया गया है कि किस तरह खेल, कहानियों और चित्रों के जरिए छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम किया जा रहा है। अजय कुमार साहू महिला एवं बाल विकास अधीकारी के अनुसार जीवन के शुरुआती छह वर्ष बच्चे के मस्तिष्क विकास के लिए सबसे अहम होते हैं। लगभग 90 प्रतिशत मस्तिष्क का विकास इसी अवधि में पूरा हो जाता है। इसी दौरान बच्चा व्यवहार करना, सोचने-समझने की क्षमता विकसित करना, सहयोग, अनुशासन, आज्ञापालन और सही-गलत की पहचान करना सीखता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में इन बुनियादी गुणों को विकसित करने के लिए बच्चों को खेल, कहानी, रोल-प्ले और नाटक जैसे रोचक तरीकों से सिखाया जाता है। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा' पर आधारित गतिविधियों को थीम के रूप में स्टॉल में प्रदर्शित किया गया है। प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक आंगनवाड़ी केंद्रों में शारीरिक, बौद्धिक, सृजनात्मक और भाषायी विकास के लिए लगभग तीन घंटे की गतिविधियाँ कराई जाती हैं। उद्देश्य यही है कि बचपन में मिले सकारात्मक अनुभव आगे चलकर बच्चों के चरित्र, मूल्य और नैतिकता का आधार बनें।

**स्टॉल का भी किया निरीक्षण**

## शिक्षा मंत्री यादव ने की योजनाओं की सराहना



राज्योत्सव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाए गए, जिनका अवलोकन मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, छ.ग.तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, नगर पालिक निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, सुरेन्द्र कौशिक सहित स्थानीय व जिले के जनप्रतिनिधियों ने किया।

इन स्टॉलों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें टी.बी., सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, नेत्र परीक्षण, बीपी, शुगर जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

विद्युत विभाग द्वारा लगाए स्टॉल में पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत घरों की छत पर सोलर रूफटॉप पेनल लगाकर किस तरह मुफ्त बिजली की ओर बढ़ा जा सकता है, इसमें पीएम सूर्यघर का मॉडल भी रखा गया है, जिससे उक्त योजना को भौतिक रूप से समझा जा सके। जल संसाधन विभाग द्वारा खरखरा जलाशय से शिवनाथ नदी तक पाईन लाईन द्वारा जलपूर्ति परियोजना को मॉडल बनाकर दर्शाया गया है।

## भूगर्भ शास्त्र विभाग में एलुमनी धर्मेश का यूपीएससी में चयन

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग से एमएससी की डिग्री प्राप्त धर्मेश देशमुख का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) नई दिल्ली द्वारा आयोजित जियो सांईटिस्ट परीक्षा 2025 में जियो लॉजिस्ट के पद पर हुआ है। धर्मेश को पूरे भारत में 10वां स्थान प्राप्त हुआ। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि धर्मेश ने साईंस कालेज, दुर्ग से भूगर्भशास्त्र विषय लेकर 2018 में बी.एससी तथा 2020 में एम.एससी डिग्री प्राप्त की।

उन्होंने कुछ समय तक साईंस कालेज के भूगर्भशास्त्र विभाग में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्य भी किया तथा दो बार जून 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 42वां रैंक के साथ तथा दिसम्बर 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 87वां रैंक के साथ सी.एसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके अलावा 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 93 वां रैंक के साथ गेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की। भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात धर्मेश की पोस्टिंग भारत में किसी भी स्थान पर जियो लॉजिस्ट के रूप में प्रथम श्रेणी अधिकारी के पद पर होगी। ग्राम टिकरी ब्लॉक गुण्डरदेही जिला -बालोद निवासी पन्ना लाल देशमुख एवं बुधवंतीन देशमुख के पुत्र धर्मेश देशमुख का आज साईंस कालेज, दुर्ग में भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने धर्मेश की भूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता एवं बधाई दी।



## आरसीएस कॉलेज में एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला



**दुर्ग।** सेठ आरसीएस महाविद्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रबंधन क्षेत्र की संभावनाओं, आवश्यक कौशलों एवं उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं वे स्नातक के बाद कौन-कौन से क्षेत्र में भविष्य बना सकते हैं उसके बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता डॉ अखिलेश सिंह यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सेठ आरसीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, कॉमर्स विभाग के एचओडी मनोज कुशवाहा डॉ. रानी शुक्ला, डॉ निधि मिश्रा, पवन दीप कौर एवं भागवत देवांगन ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे।

## विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**दुर्ग।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह दिवस उनके विचारों को नये युग की चेतना से जोड़ने और उनके आदर्शों को कर्म में रूपांतरित करने का सामूहिक संकल्प प्रस्तुत करता है।

सरदान पटेल ने एक एकजुट, सशक्त और समृद्ध भारत का स्वप्न देखा था, जिसे उन्होंने अपने दूरदृष्टि से यथार्थ रूप प्रदान किया। उन्होंने यह विश्वास स्थापित किया कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है, और यह विविधता तभी सशक्त बनती है जब वह एक साझा उद्देश्य और संवैधानिक ढांचे में संगठित हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए, समाज के सभी वर्गों के लोगों में एकता के संदेश को फैलाने के लिए विश्वविद्यालय में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। विष्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सरदार पटेल के उसी स्वप्न को आधुनिक रूप है जहां हर राज्य हर नागरिक और हर संस्था राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में समान रूप से सहभागी बने। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

**किन्नर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अभी बाकी**

# किन्नरों को मुख्य धारा से जोड़ने का सार्थक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा रूसा 2.0 योजना अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि किन्नर समाज सदियों से भारतीय समुदाय का अंग रहा है पुराणों ग्रंथों में इनका वर्णन मिलता है, जो किन्नर के संघर्ष भावनाओं और समाज में उनके स्थान को दर्शाते हैं जो रूढ़ियों को तोड़ने, सामाजिक स्वीकृति बढ़ाने और किन्नर समुदाय के लिए समाज वह सम्मान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने कहा समस्त मानव समुदाय 21वीं सदी में प्रवेश कर चुका है। किन्नर समाज को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अभी बाकी है इसे शिक्षा और संवेदनशीलता के माध्यम से ही जोड़ना संभव है । सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में विशेषज्ञ सदस्य रवीना बरिहा, कथाकार डॉ जया जादवानी, प्राचार्य डॉक्टर रिचा ठाकुर तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राकेश तिवारी डॉ अनुपम कश्यप, डॉ प्रीति टांक, डॉ अंबरीश त्रिपाठी, डॉ रजनीश उमरे, डॉ रमणी चंद्राकर, डॉ शारदा सिंह, डॉ लता गोस्वाम, शोधार्थी अतुल केसरवानी, टेकलाल निराला, कपिल, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ ओमकुमारी देवांगन ने व आभार प्रदर्शन डॉ रजनीश उमरे ने किया।

- कालेज के हिंदी विभाग ने किया व्याख्यान का आयोजन




### पूर्वाग्रह से ग्रसित है समाज का बड़ा हिस्सा

हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा पूर्वाग्रह से ग्रसित होने के कारण इस समुदाय को घृणा से देखता है यही कारण है कि इस समुदाय के जीवन का संघर्ष समाप्त नहीं हो रहा है यह समुदाय अपने अस्तित्व का युद्ध लगातार लड़ रहा है उनके इस युद्ध का अंत निकटतम समय में होना आवश्यक है। लेकिन मन और मस्तिष्क संकीर्णता से बंधे हैं ।

## कामधेनु विवि में ली राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ



**दुर्ग।** दाऊ श्रीवासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। प्रतिवर्श 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ बनाए रखना है।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, निदेशक शिक्षण डॉ. एस पॉल, उपकुलसचिव अधिष्ठाता मात्सिकी महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. एमके गेंदले, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चैधरी, डॉ. मीनू दुबे, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. ओपी दीनानी, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र के प्रति एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु शपथ ली।

कुलपति ने सरदार पटेल के विषय में बताते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्र एवं अखंड भारत के निर्माण में अपार योगदान दिया। उनका जीवन हमें एकता और देश भक्ति का संदेश देता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रों हैं, हमें उनके आदर्शों को अपना कर देश की एकता और विकास में योगदान देना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सतर्कता जागरुकता रैली निकली

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस्पात भवन से इक्विपमेंट चौक तक 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ईडी एस. मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, पीके सरकार, अरुण कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्य, खेल, सांस्कृतिक व नगर सेवाएं विभाग के लोग उपस्थित थे।

### शराब भट्ठी के विरोध में एफआईआर के बाद आप नेता सहित अन्य ने ली जमानत

**भिलाई।** खुर्सीपार के वार्ड 51 शिवाजी नगर में देशी-विदेशी शराब दुकान के विरोध के मामले में खुर्सीपार थाने में आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह और स्थानीय महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जैसे ही इसकी जानकारी उन्हें हुई वो महिलाओं के साथ वहां पहुंचे, उसके बाद मुचलके पर थाने से अपनी जमानत ली। उल्लेखनीय है कि यह वही आंदोलन है जिसमें स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर जसप्रीत सिंह ने लगातार 13 दिनों तक धरना देकर शराब दुकान को खुलने नहीं दिया था। प्रदर्शन का मुख्य कारण यह था कि रिहायशी इलाके में शराब दुकान खुलने से मोहल्ले में अशांति और असुरक्षा बढ़ रही थी। पुलिस ने इस मामले में जसप्रीत सिंह समेत 17 लोगों पर धारा 126(2), 189(2), 221, 224 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था। इनमें शंकर, तिलक चपले, रवि जयपाल, रिक्की शर्मा, सरिता सिंह, अनीता नायर, ममता, श्रवण अंसारी, सोनू बेगम, लाल सागर, अभिजीत शुक्ला, आरती वर्मा, अख्तर, अमजद अली, भागवत साहू सहित अन्य शामिल थे। सभी को पुलिस ने जमानत पर छोड़ा है।

# उद्यानों को संवारने में जुटा निगम, समूह निभा रहा है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यानों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। उद्यान विभाग के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से उद्यानों में साफ सफाई एवं ग्रास कटिंग कार्य की जा रही है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू द्वारा मैत्री विहार उद्यान, मधुकामिनी उद्यान, राशि उद्यान, जिम उद्यान, सेक्टर 1 स्थित विवेकानंद उद्यान, पानी टंकी उद्यान, विजय पार्क, सेक्टर 02 तालाब उद्यान, सेक्टर 5 स्थित शहिद उद्यान, सिविक सेंटर ट्रैफिक पार्क, सेक्टर 06 धोबी घाट स्थित उद्यान, सेक्टर 7 तालाब उद्यान, सड़क 9 उद्यान, अंडर ब्रिज उद्यान, प्रियदर्शनी परिसर स्थित सुभाष चंद्र बोस उद्यान, शिव मंदिर उद्यान, गुलमोहर उद्यान,विवेकानंद उद्यान, नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब उद्यान, भारत माता उद्यान, मिलेनियम उद्यान, गांधी उद्यान, अशोक उद्यान, महाराणा प्रताप उद्यान, बख्शी उद्यान, मधु कामिनी उद्यान, कुसुम कानन उद्यान, हुड़को स्थित सुभाष उद्यान, परी उद्यान, अमृत मिशन उद्यान, खुर्सीपार स्थित मिलावट पारा उद्यान, बापूनगर उद्यान, कुरूद स्थित अमृत मिशन उद्यान, हाउसिंग बोर्ड उद्यान, एवं अन्य उद्यानों में ग्रास कटिंग के साथ-साथ साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। उद्यानों में प्रतिदिन आस-पास के स्थानीय नागरिक एवं बच्चे प्रातः भ्रमण एवं टहलने आते हैं। सुविधाओं को देखते हुए उद्यानों में हरा-भरा करने के साथ ही रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु महिला स्व-सहायता समूहो के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत रोपित 12500 पौधों का देखरेख महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। पौधों का देखरेख एवं रखरखाव का कार्य निरंतर वर्ष भर जारी रहेगा । आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए आम नागरिकों से अपील है पौधों को लगाने एवं देखरेख में नगर पालिक निगम भिलाई का सहयोग करें। सेक्टर 3 अंतर्गत बीटीआई ग्राउंड में महिला स्व सहायता समूह द्वारा रोपित पौधों को कुछ असमाजिक लोगों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है । पौधों को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान की जा रही है, कृत में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। भिलाई शहर का नाम सुव्यवस्थित बसाहट एवं हरियाली के कारण पूरे भारतवर्ष में जाना जाता है, पहले से लगाए हुए पेड़ धीरे-धीरे नष्ट होते जा रहे हैं अतः हमें सावधान होने की जरूरत है। हमें नए पौधों का रोपण कर देखरेख करना होगा, हम सभी को अपना जिम्मेदारी समझना होगा ।

### पर्यावरण संरक्षण का है मकसद



## कब्जा करने वाले कई अधिकारी दुर्ग जिला के बाहर व अनेक रिटायर हो चुके

# टाउनशिप के बड़े आवासों में काबिज हैं शासन के बड़े अफसर, प्रधानमंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में बड़े आवासों में वर्षों से छग शासन के अधिकारियों के कब्जे को लेकर बीएसपी और सेफी ने एक बार फिर उच्च स्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। इस बार सीधे प्रधान मंत्री से शासन के अफसरों के कब्जे खाली कराने की मांग की गई है। ताकि बीएसपी अधिकारियों को मकान मिल सके और बीएसपी को रेवेन्यू का नुकसान भी न हो ।

सेफी और ओए ने पीएम से मांग की कि 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद रायपुर राजधानी बनने से भिलाई टाउनशिप के मकानों के आबंटन के लिए राज्य शासन के अधिकारियों और कर्मचारियों की होड़ सी लगी हुई है। बीएसपी के बहुत से बड़े मकानों में शासन के उच्च अधिकारी सालों से काबिज हैं। इनमें छत्तीसगढ़ सरकार के ऐसे अधिकारी शामिल हैं, जो वर्तमान में दुर्ग जिले में पदस्थ और बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जिनका दूसरे जिलों में स्थानांतरण हो चुका है। शासन के कई अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं उसके बाद भी वे बीएसपी के बड़े मकानों पर अपना कब्जा जमाए बैठे हैं। इन अधिकारियों के रसूख के आगे सेल व बीएसपी प्रबंधन बेबस हो चुका है। शासन के अधिकारियों के कब्जे के चलते सेल अधिकारियों को अपने ग्रेड के अनुरूप बेहतर आवास प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। इन कब्जों को जल्द खाली करवाने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास की आवश्यकता है।

### सेफी ने प्रधानमंत्री से की थर्ड पार्टी आवंटन निरस्त करने की मांग



### सुंदरता व अराजक तत्वों से मिलेगी निजात- बंछोर



टाउनशिप में काबिज कई नेताओं और अधिकारियों ने बीएसपी क्वार्टरों का विस्तार कुछ इस प्रकार से किया है कि वे जीवन पर्यंत उस पर काबिज रहेंगे और बाद में उनका परिवार रहेगा । यह मकान राष्ट्रीय सम्पत्ति है और ये टैक्स दाताओं के धन से बनी सम्पत्ति है। प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा राष्ट्रीय सम्पत्ति और संसाधनों के मनमाने दुरूपयोग को रोकना राज्य और केन्द्र शासन की जिम्मेदारी है। इस मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्राचार मकानों की सूची के साथ किया गया है।श्री बंछोर ने बताया कि सेफी व ओए-बीएसपी भिलाई को पुनः स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाने के लिए अपने प्रयासों को तेज करेगा तथा भिलाई नगर को अराजक तत्वों से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### सेक्टर 9,10 व 32 बंगला परिसर में अधिक कब्जे

बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-5, 9, 10 और 32 बंगला में अत्याधिक संख्या में बड़े मकानों में शासकीय अधिकारियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों का कब्जा है। सेफी व बीएसपी ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया किबीएसपी के अधिकारी छोटे मकानों में रहने के लिए बाध्य हैं। सेफी ने मांग रखी है कि बीएसपी के अधिकारियों को उनकी वरियता के अनुरूप मकान प्रदान किया जाये। इसके लिए लंबे समय से थर्ड पार्टी अलाटमेंट के द्वारा दिए बड़े मकानों के आबंटन का पुनरावलोकन किया जाना चाहिए और सभी सेवानिवृत्त और स्थानांतरित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का आबंटन रद्द किया जाना चाहिए।

## लीनेस क्लब प्रेरणा मेन एरिया 7 कॉन्फ्रेंस में बेस्ट क्लब से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ स्थापना दिवस के दूसरे दिन 2 नवंबर ऑल इंडिया लीनेस क्लब एरिया -7 का कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें एरिया के सभी क्लबों की मौजूदगी रही ।

इस दौरान साल भर के गतिविधियों का आकलन किया गया ओर गतिविधियों के आधार पर सम्मानित किए जाने की प्रक्रिया अपनाई गई । जिसमें बेमेतरा क्लब की अध्यक्ष लीनेस शशि तिवारी को एक्स्ट्रा ऑर्डनरी अध्यक्ष के खिताब से स्मृति चिंह देकर संम्मानित किया गया। क्लब की सचिव आरती साहू को बेस्ट सचिव का स्मृति चिन्ह देकर जहां क्लब सम्मान किया गया वही कोषाध्यक्ष लीनेस वर्षा गौतम बेस्ट एवं 41 बार रक्तदान करने के उपलक्ष में स्मृति चिन्ह देकर विशेष संम्मान से नवाजा ।सर्वश्रेष्ठ ड्रेस का एवं एल्बम में भी लीनेस क्लब बेमेतरा /"प्रेरणा मैन/" प्रथम रही । डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर लीनेस शबाना नाज एरिया ऑफिसर लीनेस अनिता शुक्ला के आतिथ्य में संपन्न हुआ विषेश रूप से सी एम -1संपदा की डिस्ट्रिक्ट अध्यक्ष लीनेस अनिता कपूर मल्टिपल अध्यक्ष लीनेस सुमन सिंह , पास्ट मल्टिपल अध्यक्ष लीनेस रत्ना ओस्तवाल पास्टमल्टिपल अध्यक्ष लीनेस वीणा आग्रवाल, प्रथम डिस्ट्रिक्ट उपाध्यक्ष लीनेस रश्मि अग्रवाल, लीनेस विभा उपस्थित रहीं ।

## दिव्यांग यूरिनल में लटका है ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



कलेक्टोरेट दुर्ग में दिव्यांग महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए बनाया गया प्रसाधन शो पीस बनकर रह गया है। पिछले लंबे समय से यह तीनों यूरिनलों में ताला जड़ा हुआ है।इस कारण संबंधितों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिव्यांग सगठनों ने जल्द यूरिनलों की सफाई कर इन्हें उपयोग में लाने की मांग नगर निगम कमिश्नर से की है। गौलतलब हो कि तीन चार साल पूर्व शासन के नियमों के तहत जिला न्यायालय व कलेक्टोरेट परिसर में दिव्यांग महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए स्टील के केबिननुमा तीन यूरिनल स्थापित किए गए थे। जिला अभियोजक कार्यालय भवन गली के किनारे एक यूरिनल दिव्यांग महिलाओं और दो अन्य यूरिनल ट्रांसजेंडरोक के लिए हैं। तीनों तीन वर्गों के नाम भी लिखे हैं। लेकिन सभी यूरिनलों में शुरु से ताला लगा हुआ है।

## छग स्थापना के रजत जयंती पर निकली साइकिल रैली



**भिलाई।** बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं बीएसपी सायकल पोलो क्लब ने फिट इंडिया मुहिम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर 36वें सप्ताह साइकिल रैली निकाली

राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे राज्य में रजत जयंती पर भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं बीएसपी सायकल पोलो क्लब के संयुक्त तत्वावधान मे भिलाई का 36वां संस्करण आयोजित किया गया। रैली बीएसपी ओए प्रगति भवन से शुरू हुई, रैली में 75 बच्चों के साथ बीएसपी साइक्लिंग क्लब, बीएसपी सायकल पोलो क्लब एवं साइकिलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

### रैली में यह हुए शामिल

बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर एवं बीएसपी साइकिलिंग पोलो क्लब एवं ओए बीएसपी के पूर्व महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में साइकिलिंग की गई। रैली में विनायक चन्नावर, पूर्व सीजीएम एस. नंदनवार, कोषाध्यक्ष तोषेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव दुर्ग जिला साइकल पोलो एसोसिएशन शशांक देशमुख, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के सदस्य शशिकांत पांडे, बीएसपी सीएसआर जीएम शिवराजन नायर आदि उपस्थित थे।

## मां सारदा स्कूल को मिली बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा फील परमार्थ फाउंडेशन सेक्टर 3 और मां सारदा पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण किया गया। फील परमार्थ में बाउंड्रीवाल को बीएसपी के सीजीएम राजीव महेंद्रु ने जीएम शिवरासन नायर व एजीएम अपर्णा चंद्रा व उपप्रबंधक केके वर्मा सहित कर्मियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं को हस्तांतरित किया। बाउंड्री पूर्ण होने पर हस्तांतरण प्रमाण पत्र दिया गया। राजीव कुमार ने बीएसपी का सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि मां सारदा पब्लिक स्कूल के सुचारु प्रबंधन, परिसर की स्वच्छता और उच्च शैक्षणिक स्तर प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन तुषार सिंह ने किया। इस अवसर पर ओए अध्यक्ष एनके बंछोर स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार व जीएम पीके डे आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने फील परमार्थम द्वारा गरीब दिव्यांगों के लिए किए जा रहे सेवा भाव के कार्यों को सराहा।

# राज्योत्सव में बीएसपी का पैवेलियन बना आकर्षण का केंद्र, मिली सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्थापित आकर्षक पैवेलियन ने लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

■ डायरेक्टर इंचार्ज महापात्र ने किया अवलोकन

1 से 5 नवम्बर तक नवा रायपुर में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में बीएसपी की प्रस्तुति अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज करा रही है। विभिन्न शासकीय विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं संस्थानों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के हैंगर-2 में स्थित पैवेलियन संख्या 13 में उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित किया है।

कार्यक्रम में बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्र सहित महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, एजीएम जवाहर बाजपेयी, उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया सहित जनसंपर्क विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

पेवेलियन की थीम में "पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति सतत प्रतिबद्धता के साथ ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में किये गए प्रयास को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों पर केंद्रित है, जिसमें ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा परिधीय एवं जनजातीय क्षेत्रों में बाल कल्याण के क्षेत्र में बीएसपी के सतत प्रयासों को प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्र निर्माण में बीएसपी के योगदान व देश के बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र में योगदान को दर्शाया गया है। भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, अन्य युद्धपोतों तथा उपग्रह प्रक्षेपण यान हेतु उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात की आपूर्ति का उल्लेख किया गया है।

## भिलाई की बेटी सुरक्षा बत्रा ने पूरी के मंच पर बिखेरे नृत्य के रंग, जीता नेशनल अवार्ड



**भिलाई।** भिलाई की नन्ही नृत्यांगना सुरक्षा बत्रा ने अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया है। पूरी में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता (नेशनल डांस कॉम्पिटिशन) में सुरक्षा ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी निर्णायकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपनी लयबद्ध अदाओं और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से उन्होंने न सिर्फ मंच को जीवंत कर दिया बल्कि देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच सब जूनियर वर्ग में नेशनल अवार्ड जीतकर भिलाई का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान जब सुरक्षा ने पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैलियों का अनोखा संगम प्रस्तुत किया, तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। निर्णायक मंडल ने उनकी नृत्य कला, भावाभिव्यक्ति और आत्मविश्वास की खुलकर सराहना की।सुरक्षा बत्रा, भिलाई के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल बत्रा और डॉ नेहा बत्रा की पुत्री हैं। आयोजन समिति ने न केवल सुरक्षा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया, बल्कि उनकी माता को भी मंच पर बुलाकर बेटी की सफलता में उनकी प्रेरणादायी भूमिका के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया।

## पेज 11 के शेष

### जुआ खेलते 14 गिरफ्तार ...

**कार्रवाई में शामिल अधिकारी-कर्मचारी :** एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि तुलाराम देशमुख, प्रधान आरक्षक पोषण साहू, दीनानाथ यादव, दिनेश मंडावी, साइबर सेल आरक्षक नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, जयकिशन साहू, रेखन साहू, संतोष धीवर, एसडीओपी कार्यालय से देवेन्द्र सिन्हा, तारकेश्वर साहू, थाना बेरला से भावेश पुरी गोस्वामी, टेकेन्द्र यादव, तथा चौकी कंडरका से हेमंत साहू, महेश जांगड़े एवं डामेश्वर वर्मा शामिल रहे।

### टीएलएम एवं नवाचारों को ...

हासिल करवा सके। आज के प्रस्तुतीकरण में भी शिक्षकों ने इस कहानी से कैसे भाषाई कौशल सिखा रहे हैं उसके अनुभव साझा किए जिसकी अन्य शिक्षको ने काफी सराहना की। शिक्षकों के द्वारा प्रस्तुतीकरण में पुस्तकालय और बच्चों में भाषा विकास, कहानी शिक्षण से पठन लेखन दक्षता में सुधार, एफएलएन दक्षता हासिल करने में कहानी शिक्षण की भूमिका, पठन कौशल, कहानी उत्सव से बच्चों में समझ विकसित, कविताओं को गतिविधियों से जोड़ना, का प्रस्तुतीकरण सराहनीय रहा।

**ये रहे उपस्थित:** सेमिनार कार्यक्रम में बीआरसी नवागढ़ जगजीवन राम साहू, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से अंजलि, अंकिता, जौबन, पवन, वसीम एवं संकुल समन्वयक पूर्णानंद तिवारी, सतीश कुमार कुर्रे, किशन कवर के साथ विकासखंड से कुल 42 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### हिट एंड रन केस में ...

पुलिस का पक्ष, साक्ष्य मिलने पर होगी कार्रवाई: इस पूरे मामले पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा, अज्ञात लोगों के खिलाफ विधि सम्मत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बलमीत सलूजा द्वारा दिए गए 13 नामों को एफआईआर में संलग्न कर लिया गया है। अब उनसे साक्ष्य मांगे जाएंगे, और पुष्टि होने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

**मामला अब सड़क से निकलकर 'सिस्टम' की गलियों में:** बेमेतरा का यह मामला अब सिर्फ हिट एंड रन तक सीमित नहीं रहा। पहले सड़क हादसा, फिर तोड़फोड़, अब चोरी — और बीच में प्रशासन की चुप्पी! परिवार 'सोना खोजने' में लगा है, पुलिस 'साक्ष्य खोजने' में, और जनता कह रही है — अब तो ये मामला सड़क का नहीं, सिस्टम का एक्सीडेंट लग रहा है!

**क्या है पूरा मामला:** बीते हफ्ते बेमेतरा में एक डिफेंडर वाहन से हिट एंड रन की घटना हुई थी। घटना के बाद इलाके में हंगामा और तोड़फोड़ हुई, जिसमें समाजजनों का टकराव प्रशासन से हुआ। आरोपी पक्ष ने तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ नामजद आवेदन दिया, लेकिन कार्रवाई न होने से वे नाराज हैं। अब उसी आरोपी परिवार ने अपने घर से 1 किलो सोने की चोरी का नया मामला सामने रखा है। पुलिस फिलहाल जांच की बात कह रही है, पर जनता के सवाल बढ़ते जा रहे हैं।

## भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ, रंगोली और पोस्टर प्रेजेंटेशन भी

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती और एकता दिवस के अवसर पर जातिगत भेदभाव निवारण समिति तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शपथ ग्रहण, रैली, रंगोली तथा पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों एवं प्रभारी गोल्डी सिंह राजपूत और संयुक्ता पाढ़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा आयोजित पद यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। इस दौरान सरदार पटेल के सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लेकर जागरुरता रैली निकाली जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल का एक ही सपना,अखंड भारत हो अपना, तथा अनेकता में एकता के नारे लगाए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव में दी बैंकिंग सेवा की जानकारी

**खड़गांव।** बैंकिंग सेवाओं को लेकर नीलिमा जैन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव के पहले दिन विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी देने स्टाल लगाए थे। बैंक ऑफ़ बड़ोदा, एसबीआई, एलआईसी और समर्पित वित्तीय साक्षरता केंद्र, ग्रामीण बैंक ने भी अपने स्टाल लगाए थे। ग्राम की नीलिमा जैन ने इस दौरान बैंकिंग सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रभावी तरीके से जानकारी देकर जागरूक किया।

### कानूनी जागरूकता में टिकेश्वरी प्रथम

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में गत 31 अक्टूबर को आपराधिक कानून पर जागरूकता प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कानून जागरूकता प्रदर्शनी में प्रथम स्थान टिकेश्वरी ठाकुर, द्वितीय अंजलि निषाद तथा तृतीय स्थान खोमलता साहु ने हासिल किया। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रुप ए की गणेश्वरी यादव, गोपेश्वरी कविता और काजल, द्वितीय स्थान में ग्रुप डी के डोमेन्द्र रिमझिम, लिलेश्वर, टालेश तथा तृतीय स्थान में पूजा, दुर्गेश्वरी, उमेश्वरी, दिलेश्वरी ने प्राप्त किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता कंचन साहू, डॉ संजू सिंह, चांदनी पराते, ज्ञानेश्वर देवांगन और ओमप्रकाश सहारे आदि उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा एकादश, द्वादश कृषि संकाय के भैया बहिनों ने कृषि संकाय के आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में गत दिनों कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी का भ्रमण किया। इस दौरान प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र के उद्देश्य, कृषि की उन्नत तकनीक, मौसम विज्ञान से सम्बंधित जानकारी दी। कृषि विद्यार्थियों को पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी में अधिष्ठाता डॉ विनम्रता जैन एवं पादप रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन कुमार तुर्रे ने फसल रोग की पहचान, रोकथाम के उपाय, मशरूम उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने कृषि प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। शैक्षिक भ्रमण में दीपांशु, दुर्गेश, दिव्यांश, गौरव, हेमलता, इंदु, महावीर, नमन, निशा, प्राची, प्रीतम, रोहित, साकेत, रोहन, शुभम, जितेन्द्र, दीपा शामिल हुए।

### शिवनाथ नदी तट पर मेला कल

**अंबागढ़ चौकी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को प्रातः 3 बजे से शिवनाथ नदी में श्रद्धालु स्नान कर प्राचीन षिव मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। पार्षद उमा शंकर निषाद ने बताया कि मंडई मेला समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंडई मेला का आयोजन किया गया। है। उन्होंने बताया कि रात्रि में लोक गायिका कविता वासनिक कृत लोक कला मंच अनुरागधारा का आयोजन रखा गया है।

---

**आयोजन**

**अलविदा तनाव शिविर का छठवाँ दिन, मेडिटेशन द्वारा सर्व समस्याओं का समाधान**

# परमात्मा से संबंध जोड़ सर्व शक्तियां लेने से ही होगी आत्मा तृप्त : बीके पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कृषि उपज मंडी प्रांगण में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा अलविदा तनाव शिविर का छठवाँ दिन ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने जीवन में शांति, आत्मबल और सकारात्मक सोच के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल,, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, प्रहलाद रजक (अध्यक्ष, छ.ग. रजककार विकास बोर्ड), विजय सिन्हा (अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद बेमेतरा अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इस दौरान इंदौर से पधारी प्रख्यात तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन ने आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव निःशुल्क शिविर/" के छठवें दिन के सत्र मेडिटेशन द्वारा सर्व समस्याओं का समाधान के विषय कहा कि परमपिता परमात्मा से सारे रिश्तों का अनुभव हम मेडिटेशन में करते हैं । इसमें परमात्मा से मांगा नहीं जाता बल्कि संबंध जोड़ने से स्वत : सर्व प्राप्तियां होती हैं। आत्मा तृप्ति का अनुभव करती है, संपन्नता का अनुभव करती है। इस मेडिटेशन में कोई प्रतिमा, गुरु, शरीर, कैंडल, सूर्य आदि की आवश्यकता नहीं है । यहां सर्वोच्च शक्ति ज्योतिर्बिंदु परमात्मा से डायरेक्ट कनेक्ट होते हैं । यहां कोई विशेष आसन में नहीं बैठना होता है न आंखें बंद करने की आवश्यकता है यहां तो मन बुद्धि के आसन पर बैठते हैं । लिख-लिख कर भी परमात्मा को याद किया जा सकता है।

### मेडिटेशन की तीन स्टेप

(1) आत्म दर्शन : आत्मा को देह से अलग महसूस करना । हर चीज का अपना गुण होता है जैसे पानी का गुण शीतल, सूर्य का गुण गर्मी वैसे ही आत्मा के सा त मूल गुण हैं - सुख, शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता, ज्ञान और शक्ति । शांति की हरे रंग की लाइट लंग्स, प्रेम स्वरूप का रंग पिंक हार्ट को, सुख स्वरूप का पीला रंग पाचन रोग में, शक्ति स्वरूप का सुनहरा लाल रंग बोन व मसल्स की मजबूती के लिए, आनंद स्वरूप का बैंगनी रंग हार्मोनल बैलेंस, पवित्रता की गोल्डन रंग किडनी की बीमारियों में व ज्ञान स्वरूप का नीला रंग सिरदर्द नर्वससिस्टम को ठीक रखता है । उन्होंने वीडियो चित्र दिखाकर एक-एक गुण की अनुभूति भी मेडिटेशन के माध्यम से कराई।

(2) परमात्मा दर्शन : इसमें ज्ञान की नेत्र से देखना है कि मेरे पिता ज्योतिर्बिंदु हैं, प्वाईंट ऑफ लाइट हैं।

(3) परमात्मा शक्तियों व गुणों को आत्मा में आते हुए अनुभव करना : इस स्टेप में परमात्मा जो प्रेम, आनंद, शांति, शक्ति के सागर हैं उनसे उन गुणों व शक्तियों को वर्से (विरासत) के रूप में प्राप्त करने का अनुभव करना है । अभी आत्मा डिस्चार्ज है । मेडिटेशन से चार्ज हो जाती है । आत्मा के चार्ज होने पर हमारे व्यवसाय व संबंधों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है । फिर उन्होंने वीडियो दिखाकर परमात्मा से सर्व प्राप्ति ओं का प्रैक्टिकल अनुभव कामेंट्री के माध्यम से कराया।

### पवित्रता में है हीलिंग पावर

बीमारियों को ठीक करने की आध्यात्मिक विधि बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्वास पूर्वक संकल्प करें शिवबाबा (वैद्यनाथ) मेरा डॉक्टर है । मेडिकल साईंस की रिसर्च के अनुसार पवित्रता में हीलिंग पावर है । जब शिवबाबा से पवित्रता की सफेद किरणें आत्मा में लेकर फिर शरीर के बाकी हिस्सों में योग के माध्यम से ले जाते हैं तो शरीर की बीमारियां ठीक होने लगती हैं । परमात्मा के बाद दूसरा डॉक्टर है हमारा अंतर्मन । तीसरा है दुनिया के डॉक्टर । रात्रि को यदि 20 मिनट अभ्यास करते हुए सो जायें कि परमात्मा की किरणें मुझमें समा रही हैं जिससे मेरी किडनी, लीवर, हार्ट ठीक हो रहे हैं, सभी बीमारियां ठीक हो रही हैं तो रात भर अंतर्मन बीमारियों को ठीक करता रहेगा । अभ्यास के साथ में दवाइयां भी जरूर लेते रहें । फिर उन्होंने मेडिटेशन द्वारा बीमारियों से मुक्त होने की अभ्यास करवाया । फिर घर को मंदिर या स्वर्ग बनाने के लिए बताया कि घर में एक स्थान फिक्स कर लें । वहां बैठ कर रोज अभ्यास करें कि परमात्मा की शांति के प्रकम्पन पर मुझमें आ रहे हैं।


### दुर्ग सांसद ने भी साझा किया अपना अनुभव

इस अवसर दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कहां आज के ईस तनाव युक्त जीवन ओर भागदौड़ कि जिंदगी में अपना परिवार अपना जीवन सब कुछ भुल गये है और सिर्फ और सिर्फ भाग रहे हैं शरीर को नुक़सान पहुँचाये रहे है टेन्शन ले रहे है ऐसे समय मे ब्रह्मकमारी ईश्वर विधालय के द्वारा योग ध्यान के माध्यम से मनुष्य जीवन को सुकन शांति पहुँचाने का काम कर रह है मे खुद दो से तीन बार माऊट आबु मे आयोजित शिवीर मे शामिल हुआ हु और वहाँ जाकर बहुत शांति और आनंद का अनुभव किया हुं । हर रक्षाबंधन में पहली राखी ब्रह्माकुमारी दीदी से ही बंधवाता हूं ।

---

# देवउठनी एकादशी पर थान खमरिया में दिखा श्रद्धा-भक्ति का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया



नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में देवउठनी एकादशी का पावन उत्सव इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय राधा-कृष्ण जमात मंदिर में सुबह से ही धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में एकादशी उद्यापन व पारंपरिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से संपन्न हुए।

घर-घर में तुलसी पौधे के समीप गन्ने एवं आम्रपत्रों से बने पारंपरिक मंडप सजाए गए। महिलाओं ने एकादशी व्रत रखकर गोधूलि बेला में भगवान विष्णु-शालिग्राम और माता तुलसी की पंचामृत से अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया तथा मंडप की परिक्रमा कर मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। फल, फूल और मिठाइयों से सजे पूजन थालों के साथ पूरे दिन भक्ति का वातावरण बना रहा। बाजारों में गन्ने की खरीदारी भी खूब देखने को मिली। महंत वसंत बिहारी दास ने बताया कि चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं और देवउठनी एकादशी के दिन उनके जागरण के साथ ही मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होता है। इसी परंपरा के निर्वहन हेतु श्रद्धालु दिनभर व्रत, कथा-श्रवण और पूजा में लीन रहे।

**भक्तिमय वातावरण में हुआ उत्सव:** सांध्यकाल में नगर एवं गांव-मोहल्लों में तुलसी विवाह की तैयारियाँ उत्साह के साथ प्रारंभ हुईं। महिलाओं ने परंपरागत रीति के अनुसार तुलसी चौरा को चुनरी, साड़ी एवं श्रृंगार सामग्री से अलंकृत किया। राधा कृष्ण जमात मंदिर में भी तुलसी विवाह का भव्य आयोजन कर भक्तिमय वातावरण में उत्सव का समापन हुआ। देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह के इस पावन अवसर पर थान खमरिया तथा आसपास के क्षेत्रों में भक्ति, परंपरा और सांस्कृतिक उल्लास का सुंदर संगम दिखाई दिया।

---

# गुरुकुल में छत्तीसगढ़ महतारी की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ बच्चों ने गीत-नृत्य से मनाया राज्योत्सव की 25वीं वर्षगांठ



सुकुलपारा स्थित गुरुकुल विद्यालय में सोमवार को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर माहौल में मनाई गई। विद्यालय परिसर जय जोहार छत्तीसगढ़ महतारी के नारों से गूंज उठा।

छोटे-छोटे बच्चों ने छत्तीसगढ़ी परिधान पहनकर गीत, कविता और नृत्य के माध्यम से अपनी मिट्टी की खुशबू बिखेरी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मकता और पारंपरिक वेशभूषा ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एवीना कुर्रे और आंचल जायसवाल के छत्तीसगढ़ी गीत से हुई। इसके बाद स्मृति साहू द्वारा बनाई गई छत्तीसगढ़ महतारी की सुंदर झांकी प्रदर्शित की गई। नन्हें कलाकारों ने लोकनृत्य और छत्तीसगढ़ी तान पर प्रस्तुतियां देकर तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंजा दिया।

### छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर डाला प्रकाश

विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2000 से 2025 तक छत्तीसगढ़ ने विकास की नई गाथा लिखी है। अब यह जिम्मेदारी नई पीढ़ी की है कि वे पढ़-लिखकर इस धरती का नाम और ऊँचा करें। उन्होंने कहा कि अपने पते पर छत्तीसगढ़ लिखना गर्व की अनुभूति कराता है, और छोटे राज्य के रूप में हमने विकास की गति को और तेज किया है। शिक्षक धर्मेंद्र साहू ने कार्यक्रम संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना था, जिसे अब हर छत्तीसगढ़वासी गर्व से जी रहा है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

**विद्यार्थियों की ललिकलाओं ने जीते सबके दिल:** छात्राओं में गीतांजलि, पुष्पांजलि, एवीना, आंचल, लेखनी, प्रियांशी, तनु, खुशी, ओजस्वी, दीपिका, दिव्या, सौम्या, लवी, अस्मिता, मानवी, संध्या, निलेश्वरी, प्रगति, योशिता, काव्या और विनीता रही। वहीं छात्रों में एकांश, मयंक, भव्य, शिवम, चित्रेश, निलेश, नैतिक, धर्मराज, मनीष, रोहित, प्रशांत और कृष की छत्तीसगढ़ी वेशभूषा ने सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर जय जोहार हमर छत्तीसगढ़ का सामूहिक उद्घोष किया।

---

# कवियों ने गीत, छंद और मुक्तक से बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बेमेतरा का दीपावली मिलन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन अधिवक्ता एवं कवि संगम बेमेतरा जिला अध्यक्ष विवेक पोल के निज निवास में बेमेतरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । कार्यक्रम का प्रारम्भ भाग्यश्री पोल के सुमधुर सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक मनोज बख्शी, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ शिक्षक अजय शर्मा समाजसेविका व पार्षद नीतू कोठारी, जेडी निषाद तथा कवि कमल शर्मा कमल (राष्ट्रीय कवि संगम उपाध्यक्ष छग प्रांत) रहे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र सिंग विरदी (राष्ट्रीय कवि संगम छग प्रांत सलाहकार ) ने की । वरिष्ठ पत्रकार अरविंद गोस्वामी की उपस्थिति विशेष रूप से रही ।इसके बाद पधारे हुए कवियों की कवि गोष्ठी हुई जिसमें छंदकार हेमशंकर पाटिल हेम ( हाटराका) ने शानदार छंद पढ़ें, ईश्वर आरुग वीररस कवि(ठेलका साजा )ने छंद मुक्तकों से विषमताओं पर वार किया,जगदीश सोनी बेरला ने समसामयिक एवं प्रेरक कविताओं से संदेश दिया हृदय विश्वकर्मा बेरला ने अपने मधुर गीतों से कोरोना की विभीषिका और बेटी पर केंद्रित सृजन पढ़ें,, नरेन्द्र साहू (कुसमी )ने गौमाता पर कविता पढ़ी,कमल शर्मा कमल ने राधाकृष्ण के पावन प्रेम पर कवितायें पढ़ी,सुनिल शर्मा नील ने अपने परिचित अंदाज में राष्ट्रवाद, बेटियों, पुलवामा और छत्तीसगढ़ स्वाभिमान पर काव्यपाठ किया ।कार्यक्रम मे अपने उद्बोधन में मुख्यअतिथि बख्शी जी ने समाज निर्माण मे आदिकाल से आजतक कवियों की महत्ता पर प्रकाश डाला, विषमताओं पर सदैव मुखर होने की बात कही ।

### समझाने कि क्षमता रखने वाला ही है साहित्यकार

महेन्द्र विरदी ने पिता के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए विवेक पोल को पिता की विरासत को आगे बढ़ाने में उनके योग की सराहना की तथा कहा कि जो किसी को भी समझाने कि क्षमता रखे वह साहित्यकार है ।कमल शर्मा ने कवि संगम के उद्देश्य इनके प्रकल्प अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इनकी शाखाओं व साहित्य के बढ़ोत्तरी हेतु संस्था के प्रयासों को बताया ।जिला अध्यक्ष विवेक पोल ने अतिथियों व कवियों का आभार प्रदर्शन व्यक्त किया । अंत में भाग्य श्री पोल के मधुर गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।कार्यक्रम का संचालन वीररस के कवि सुनिल शर्मा नील ने किया ।

---

# छत्तीसगढ़ रजत राज्योत्सव पर महाविद्यालय में बिखरे सांस्कृतिक रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दिया शानदार प्रस्तुति



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत राज्योत्सव शासकीय पं.जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्या डॉ वीणा त्रिपाठी रहे।

कार्यक्रम की शुभारंभ पूजन-अर्चन कर किया गया। सभी संकाय के प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर छटा बिखेरी। विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने जैसे एम कॉम,एम एस सी वनस्पति शास्त्र,एम ए अंग्रेजी से सुआ ,एम एस सी रसायन शास्त्र,एम ए राजनीति विज्ञान से करमा,एम एस सी गणित, पीजीडीसीए से राउत नाचा,एम ए भूगोल,एम ए अर्थशास्त्र,एम एस डब्ल्यू से पंथी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान एम एस सी रसायन शास्त्र से, द्वितीय स्थान पर एम कॉम, तृतीय स्थान वनस्पति शास्त्र से प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्या डॉ वीणा त्रिपाठी, विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सफल कार्यक्रम संचालित में सभी ने अहम भूमिका निभायी।

---

**राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह उपसमिति नवागढ़ की बैठक एवं दीपावली मिलन सम्पन्न**

# युवाओं व महिलाओं की भागीदारी पर दिया गया जोर : मिथलेश बिसेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



नगर के मंगल मिलन भवन में रविवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह (पंजीयन क्रमांक 1282) उपसमिति नवागढ़ की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसमिति अध्यक्ष मिथलेश बिसेन मिंटू ने की।

समारोह की शुरुआत महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात समाज के विभिन्न संगठनात्मक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यता बुक 2025-26 का वितरण किया गया तथा नियमावली से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। अध्यक्ष मिथलेश बिसेन ने कहा कि राजपूत समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता और अनुशासन है। हमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाकर समाज को और मजबूत बनाना होगा। दीपावली का यह मिलन हमें संगठन, सेवा और भाईचारे की भावना को जीवित रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज का कोई भी सदस्य स्वयं को उपेक्षित या प्रताड़ति महसूस न करे, समाज सदैव एकजुट होकर हर सदस्य के साथ खड़ा रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व अध्यक्ष डॉ. गोरे सिंह, पूर्वाध्यक्ष जवाहर सिंह, ठाकुर बलदाऊ सिंह, कोषाध्यक्ष ठाकुर अजय भुवाल, प्रदीप सिंह, गोविंद सिंह कर्मतरा सहित लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। महिला वर्ग से रानी सिंह, महिला मंडल सचिव संगीत बिसेन, श्यामा सिंह एवं हेमकल्यानी सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की जानकारी समिति के सचिव ठाकुर टिकेंद्र सिंह बैस ने दी।



